हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 28 मार्च 2026
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 मौसम का मिजाजः कुछ देर हुई झमाझम बारिश


## खबर संक्षेप

### आकाशीय बिजली गिरने से एक बच्ची की मौत

**अंबिकापुर।** शुक्रवार की शाम मौसम में हुए बदलाव व तेज आंधी बारिश के दौरान गाज की चपेट में आने से एक बालिका की मौत हो गई। नाबालिग बारिश के दौरान पेड़ के नीचे खड़ी हो गई थी। इस मामले में लुंड्रा पुलिस द्वारा मर्ग कायम किया गया है। बताया जा रहा है कि लुंड्रा थाना अंतर्गत चलगली बकनाकला निवासी 13 वर्षीया सनमतिया आ. मटन राम 27 मार्च को मवेशी चराने के लिए गांव के समीप गई हुई थी। इस दौरान शाम लगभग 5 बजे तेज आंधी तूफ़ान के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए बच्ची एक पेड़ के नीचे खड़ी हो गई थी। गरज चमक के साथ हो रही बारिश के बीच पेड़ के नीचे खड़ी बच्ची पर ही आकाशीय बिजली गिर गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के दौरान उसकी सहेलियां भी कुछ दूरी पर खड़ी थी। उन्होंने घटना की सूचना ग्रामीणों और बच्ची के परिजन को दी जब तक परिजन मौके पर पहुंचे बच्ची की मौत हो चुकी थी। थाना प्रभारी लुंड्रा प्रदीप जायसवाल ने बताया कि आकाशीय बिजली से बच्ची की मौत के मामले में मर्ग कायम किया गया है।

### साइकिल से गिरे वृद्ध की उपचार के दौरान गई जान

**अम्बिकापुर।** साइकिल से घर लौट रहा वृद्ध रास्ते में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गया। दुर्घटना में गंभीर हुए वृद्ध की उपचार के दौरान मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार कापू थाना अंतर्गत ग्राम पखनाकोट निवासी भीम आ. स्व. जगमा (65 वर्ष) 20 मार्च को किसी काम के सिलसिले में साइकिल से धरमजगढ़ गया था। दोपहर बाद वापस घर लौटने लगा और जैसे ही कापू क्षेत्र में पहुंचा तभी रात लगभग 8.30 बजे अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन वृद्ध को घर लेकर आ गए। दूसरे दिन वृद्ध की तबीयत ज्यादा खराब हो जाने पर पत्थलगांव अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने वृद्ध की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान बीती रात वृद्ध की मौत हो गई।

### फांसी लगाने से गंभीर युवती की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत

**अम्बिकापुर।** युवती ने अज्ञात कारण से घर के कमरे में दुपट्टा से फांसी लगा लिया। रघुनाथनपुर पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम सुमेरपुर चेन्द्रा निवासी हेमा पटेल आ. प्रमोद पटेल (21 वर्ष) 24 मार्च को घर में अकेली थी जबकि परिवार के लोग घर के बाहर काम कर रहे थे। इसी दौरान जब पिता अंदर गया तो देखा बेटी हेमा दुपट्टा के सहारे फांसी में लटकी थी। पिता ने शोर मचाते हुए किसी तरह दुपट्टा को काट बेटी को नीचे उतारा और तत्काल निजी वाहन से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान बीती रात युवती की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।



जन्मोत्सव समारोह में उपस्थित श्रद्धालुओं की भीड़।

## धूमधाम से मनाया गया भगवान राम का जन्मोत्सव

# राम मंदिर में भये प्रकट कृपाला, दीन दयाला...

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- हुए विविध धार्मिक अनुष्ठान



चैत्र रामनवमी के अवसर पर राममंदिर में भगवान राम का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान भगवान राम का पुरूष सुक्त के मंत्रों से कलश जल से अभिषेक किया गया तथा पुरूष सुक्त एवं श्री सुक्त के मंत्रों से षोडशोपचार पूजा कर धातु की श्रीराम जानकी की छोटी प्रतिमा को गर्भगृह में स्थापित किया गया।

राम मंदिर में शुक्रवार को भगवान राम के जन्मोत्सव पर कल्याण सेवा आश्रम एवं श्रीराम मंदिर के महंत प्रणवमुनि के निर्देशन में विविध धार्मिक अनुष्ठान किए गए। सुबह 10 बजे आचार्य दिनेश मिश्र एवं शिव पाण्डेय ने पुरूष सुक्त एवं श्री सुक्त के मंत्रों से भगवान राम एवं जानकी का जलाभिषेक कराया तथा षोडशोपचार पूजा कर गर्भगृह में धातु की प्रतिमा की स्थापना कराई। गर्भगृह में राम-जानकी की प्रतिमा स्थापित करने के उपरांत दुर्गा सप्तशती के रात्रि सुक्त के पाठकर ध्वज की स्थापना की गई। दोपहर 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान नारायण मण्डली ने भए प्रगट कृपाला का भावपूर्ण गायन किया। इस दौरान मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालु झूमते रहे। सरगुजा राजपरिवार के आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने भगवान राम की आरती की भगवान के जन्मोत्सव में श्रद्धालुओं ने आकर्षक बधाइयां प्रस्तुत की। महिला श्रद्धालु बधाई गीतों पर झूमती रही। इस दौरान श्रद्धालुओं को महाप्रसाद वितरित किया गया। चैत्र नवरात्रि के दौरान राम मंदिर में हर साल विविध धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाते हैं।

इस बार भी नवरात्रि के दौरान विधि विधान से प्रतिदिन चंडी पाठ, व्यास आचार्य दिनेश द्वारा राम कथा एवं नियमित देवी की महाआरती एवं खड्ग आरती की गई। रामनवमी की पूर्व संध्या शोभायात्रा निकाली गई। राम मंदिर से प्रारंभ शोभा यात्रा ब्रम्हरोड, देवीगंज रोड, महामाया चौक, सदर रोड, जयस्तंभ चौक का भ्रमण करते हुए वापस राम मंदिर पहुंची जहां शोभायात्रा का समापन किया गया।

# राष्ट्रीय नेटबॉल प्रतियोगिता में जीता कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर


विजेता खिलाड़ी।


छत्तीसगढ़ प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन सरगुजा जिले की बेटियों ने 38वीं जूनियर नेशनल नेटबॉल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम कर लिया है। यह प्रतियोगिता उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में आयोजित की गई, जहां छत्तीसगढ़ की बालिका टीम ने अपने जुझारू खेल से सभी का ध्यान आकर्षित किया।

राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि सेमीफाइनल में पंजाब के खिलाफ 24-17 से हार मिलने के बावजूद टीम ने हिम्मत नहीं हारी। तीसरे स्थान के लिए खेले गए मुकाबले में छत्तीसगढ़ टीम ने बेहद कड़े संघर्ष के बाद पांडीचेरी को पराजित कर कांस्य पदक हासिल किया। इस प्रतियोगिता में सरगुजा जिले से बालिका वर्ग में सिमरन भगत एवं रुद्राक्षी जैन का चयन छत्तीसगढ़ टीम में हुआ था। सिमरन माउंट लिट्रा जी स्कूल एवं रुद्राक्षी मोंटफोर्ट स्कूल अंबिकापुर में अध्यनरत है। दोनों खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से जिले का नाम रोशन किया। संघ के सचिव रजत सिंह ने बताया कि खिलाड़ियों का नियमित अभ्यास गांधी स्टेडियम स्थित बास्केटबॉल ग्राउंड में कराया जाता है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर इन खिलाड़ियों का चयन प्रदेश टीम में हुआ था। राष्ट्रीय प्रतियोगिता से पूर्व जांजगीर के खोखरा में आयोजित 10 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस उपलब्धि पर संघ के केपी सिंह, गौरव सिंह, सौरभ सिंहा, हिंमाशु जायसवाल, नेहा सिंह, खुशबू गुप्ता समेत अन्य ने बधाई दी है।

# सरगुजा करेगा खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स की मेजबानी, आज से प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- गांधी स्टेडियम में 30 राज्यों के 144 रेसलर्स दिखाएंगे दमखम



सरगुजा जिले का हृदय स्थल अम्बिकापुर एक ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने जा रहा है। देश के पहले 'खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 की मेजबानी कर रहे छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में 28 मार्च से कुश्ती (रेसलिंग) स्पर्धा का भव्य शुभारंभ होने जा रहा है। स्थानीय गांधी स्टेडियम में आयोजित होने वाले इस राष्ट्रीय समागम में देश के अलग-अलग राज्यों के जनजातीय खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा और शारीरिक कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में जम्मू-कश्मीर, मध्यप्रदेश, झारखंड, असम, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, मेघालय, गुजरात, ओडिशा, मिजोरम, बिहार, अरुणाचल प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र और मेजबान छत्तीसगढ़ सहित कुल 144 रेसलर्स (पुरुष एवं महिला) हिस्सा ले रहे हैं। यह आयोजन जनजातीय युवाओं को राष्ट्रीय मंच प्रदान करने की दिशा में एक स्वर्णिम अवसर प्रदान करेगा। 28 से 31 मार्च तक चलने वाले इन मुकाबलों को प्रतिदिन तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा, ताकि खिलाड़ियों और दर्शकों के लिए सुगमता बनी रहे।

प्रथम चरण प्रातः 8 से 9 बजे तक, द्वितीय चरण प्रातः 11 से दोपहर 2 बजे तक, तृतीय चरण सायं 4 बजे से खेल समाप्ति तक चलेगा। गौरव की बात यह है कि इस आयोजन का सीधा प्रसारण डीडी स्पोर्ट्स और प्रसार भारती पर किया जाएगा, जिससे दुनिया भर के दर्शक सरगुजा की धरती पर हो रहे इस महाकुंभ को लाइव देख सकेंगे।

## पीएचई कार्यालय के सामने आत्महत्या करने कलेक्टर के नाम सौंप ज्ञापन, कलेक्टर ने दिए जांच के निर्देश

# कमीशन मांगने और प्रताड़ना से तंग आकर ठेकेदार ने दी आत्मदाह की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में जल जीवन मिशन के तहत काम करने वाले ठेकेदारों की हालत अब दयनीय हो गई है। आलम यह है कि विभाग के आला अधिकारियों की मनमानी और लापरवाही के कारण अब ठेकेदार आत्महत्या करने को मजबूर है। जिले में भी एक ठेकेदार ने जल जीवन मिशन का कार्य पूर्ण होने के बाद भी भुगतान नहीं होने के कारण आत्मदाह करने का निर्णय लिया है और इस संबंध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। इधर इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने मामले की जांच के निर्देश दिए है और लापरवाह अधिकारी के खिलाफ नोटिस जारी किया जा रहा है।

पीएचई विभाग में काम करने वाले ठेकेदार रजनीकांत अग्रवाल से 27 मार्च को कलेक्टर सरगुजा के नाम ज्ञापन सौंपा है। अपने ज्ञापन में ठेकेदार ने आरोप लगाया है कि उसके द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के खंड अंबिकापुर में जल जीवन मिशन का कार्य किया जा रहा है। जल जीवन मिशन के तहत किया गया निर्माण कार्य एक साल पहले ही पूर्ण कर लिया गया है इसके बाद भी विभाग द्वारा भुगतान के नाम पर टाल-मटोल किया जा रहा है। काम पूर्ण होने के बाद भी लगातार परेशान किए जाने से ठेकेदार की आर्थिक और मानसिक स्थित दयनीय होती जा रही है। आरोप है कि विभाग द्वारा उन्हें लगातार प्रताड़ित करते हुए राशि के भुगतान की कार्रवाही नहीं की जा रही है। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा किए गए 65 लाख रूपए के काम के एवज में सिर्फ 22 लाख रूपए का भुगतान किया गया है जबकि काम पूर्ण हुए एक वर्ष का समय बीत गया। उन्होंने पीएचई के उप अभियंता धर्मेंद्र सिंह पर कमीशन मांगने और कमीशन नहीं देने पर ब्लैक मेलिंग का आरोप भी लगया है। उन्होंने कलेक्टर को दिए ज्ञापन में 30 मार्च को दोपहर 1 बजे पीएचई कार्यालय के सामने आत्मदाह करने की चेतावनी दी है।

### पानी सप्लाई फिर भी रोका भुगतान

ठेकेदार रजनीकांत अग्रवाल का कहना है कि उनके द्वारा 65 लाख रूपए की लागत से लखनपुर विकासखंड के जुड़वानी में जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी निर्माण करने के साथ ही पाइप लाइन का विस्तार किया गया और नल कनेक्शन दिए गए। छह माह से उक्त टंकी से पानी सप्लाई का काम भी चल रहा है लेकिन इसके बाद भी बिल का भुगतान नहीं किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि उस क्षेत्र के उप अभियंता द्वारा कई ठेकेदारों को परेशान किया जा रहा है। इस संबंध में कई बार शिकायत करने के बाद भी बिल का भुगतान नहीं किया गया।

### की जाएगी जांच

इस मामले में कारण बताओं नोटिस जारी कर रहे है। पीएचई ईई को मामले की जांच के लिए निर्देशित किया गया है।

-अजीत वसंत
कलेक्टर सरगुजा

# वृद्धा आश्रम में घुसकर पति ने पत्नी पर किया तलवार से हमला, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- पति की प्रताड़ना से तंग आकर वृद्धाश्रम में रह रही थी महिला


घायल महिला।


आरोपी पति।

प्रताड़ना और मारपीट से तंग आकर वृद्धाआश्रम में रहने आई महिला का पति ने यहां भी पीछा नहीं छोड़ा। पति ने वृद्धा आश्रम में घुसकर पत्नी से गाली गलौज और मारपीट की। इस दौरान अपने साथ लाए धारदार तलवार से आरोपी ने पत्नी पर हमला कर दिया। इस दौरान महिला के बाएं कंधे, गाल, गर्दन में चोट आई है। इस घटना के बाद वृद्धा आश्रम में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। मामले में महिला की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया है।

बताया जा रहा है कि भैयाथान अंतर्गत चेन्द्रा के पलमा निवासी जीवन लाल सोनी आए दिन अपनी पत्नी से गाली गलौज और मारपीट करता था। आए दिन होने वाली मारपीट और गाली गलौज से तंग आकर महिला ने पति से अलग रहने का निर्णय लिया और घर छोड़कर निकल गई। महिला सूरजपुर के तिलसिवां स्थति स्नेह संबल वृद्धा आश्रम में रह रही थी। पुलिस के अनुसार 27 मार्च को महिला का पति जीवन लाल सोनी उससे मिलने के नाम पर आया था। जीवन लाल सोनी ने महिला से कहा कि वह अब उसके साथ मारपीट नहीं करेगा। आरोपी ने पत्नी को घर चलने के लिए दबाव बनाया। जब महिला ने घर जाने से मना कर दिया तो आरोपी जीवन लाल सोनी आक्रोशित हो गया और गाली गलौज शुरू कर दी। इस दौरान आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पास रखे धारदार हथियार तलवार को निकाल लिया। आरोपी ने पत्नी पर धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे महिला के बाएं कंधे, गाल और गर्दन के समीप चोट आई है। इस दौरान वृद्धा आश्रम में मौजूद अधीक्षिका पायल गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, अम्बेवती सहित अन्य लोगों ने बीच बचाव कर महिला की जान बचाई। इस घटना के बाद वृद्धा आश्रम में भी दहशत का माहौल निर्मित हो गया। वृद्धा आश्रम प्रबंधन ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है इसके साथ ही आरोपी पति को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने मामले में आरोपी जीवन लाल सोनी के खिलाफ बीएनएस की धारा 333, 296(बी), 351(3), 115(2) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है और घटना की जांच चल रही है।



**खबर संक्षेप**

### डायल 112 का एक दिवसीय कार्यशाला



**बैकुण्ठपुर।** रक्षित केन्द्र बैकुंठपुर में 27 मार्च को डायल 112 सेवा के सुदृढीकरण के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। आपातकालीन सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं त्वरित बनाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यशाला में विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान डायल 112 सेवा की कार्यप्रणाली, त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली तथा आम नागरिकों को उपलब्ध कराई जाने वाली सुविधाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। रक्षित निरीक्षक विपुल आनंद जांगड़े ने बताया कि डायल 112 के माध्यम से पुलिस, अग्निशमन एवं एम्बुलेंस जैसी आपात सेवाएं एक ही नंबर पर त्वरित रूप से उपलब्ध कराई जाती हैं, जिससे आपात स्थितियों में शीघ्र सहायता सुनिश्चित होती है। कार्यशाला में सेवा की गुणवत्ता में सुधार, तकनीकी सुदृढ़ीकरण तथा विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही प्रतिक्रिया समय को कम करने एवं आम जनता तक सेवा की पहुंच बढ़ाने के उपायों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। अंत में उपस्थित कर्मचारियों से सुझाव प्राप्त किए गए तथा भविष्य में डायल 112 सेवा को और अधिक प्रभावी एवं जनहितकारी बनाने का संकल्प लिया गया। यह कार्यशाला पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. सुरेश चौबे के निर्देशन तथा अनुविभागीय अधिकारी राजेश साहू के पर्यवेक्षण में रक्षित निरीक्षक विपुल आनंद जांगड़े द्वारा संपन्न कराई गई।

### विश्व क्षय दिवस पर स्वास्थ्य शिक्षा का आयोजन



**बैकुण्ठपुर।** न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में 24 मार्च को विश्व क्षय दिवस के अवसर पर न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में अध्ययनरत बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने जिला अस्पताल परिसर में पोस्टर के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य शिक्षा दिया। इस वर्ष क्षय दिवस की थीम यस वी केन इंड टीबी जिसका अर्थ हां हम टीबी को समाप्त कर सकते हैं, यह थीम इस विश्वास पर आधारित है कि सामूहिक प्रयासों राजनीतिक प्रतिबद्धता और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से इस महामारी को समाप्त किया जा सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार देशों को इस लड़ाई का नेतृत्व करना चाहिए और लोगों को सशक्त बनाना चाहिए और यह थीम भारत के नेतृत्व और जनता की भागीदारी पर जोर देती है, जो क्षय रोग को समाप्त करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। छात्रों ने अपने रचनात्मकता का परिचय देते हुए पोस्टर के माध्यम से क्षय रोग के कारण, लक्षण बचाव के उपाए और उसके उपचार के महत्व को प्रभावी ढ़ग से दर्शाया। इसमें तृतीय सेमेस्टर के छात्रों द्वारा इस कार्यक्रम का अर्थ केवल समाज में जागरूकता फैलाने और लागों को क्षय रोग के प्रति बचाने का प्रयास किया गया।

## देवी मंदिरों में दिनभर चला हवन-पूजन, जवारा विर्सजन झांकी भी निकली

# रामनवमी पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर**

चैत्र नवरात्र के नवमी तिथि शुक्रवार को देवी मंदिरों एवं आस्था केन्द्रों में श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से ही उमड़ी रही, दोपहर बाद तक श्रद्धालु देवी के दरबार में मत्था टेकने एवं पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते रहे। देवी का दरबार माता के जयकारे से गूंजता रहा और माता के जसगीत से भक्तिमय वातावरण बना रहा। इस दौरान देवी मंदिर परिसर में हवन -पूजन से मंदिर परिसर सुवासित हो उठा।

अंचल का प्रमुख आस्था का केन्द्र मां रमदईया धाम में नवमी तिथि को भक्तों की भारी भीड़ पूजा-अर्चना के लिए जुटी रही। यहां सुबह से ही माता के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए भक्त जुटते रहे, इसके अलावा एमसीबी जिले के खड़गवां के निकट चनवारीडांड़ स्थित माँ महामाया मंदिर में भी अंतिम दिन सुबह से लेकर देर अपरान्ह तक भक्तों की भीड़ जुटी रही, हालांकि यहां पूरे नवरात्र के दौरान प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती रही, लेकिन नवमी तिथि को यहां सबसे अधिक श्रद्धालुओं की भीड़ देखने को मिला। इसी तरह एमसीबी जिले के जनकपुर क्षेत्र के ग्राम भगवानपुर स्थित आस्था केन्द्र में काफी संख्या में अंतिम दिन श्रद्धालु पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे, इसके अलावा कोरिया-एमसीबी जिले के ग्रामीण अंचलों के देवालयों में भी भक्तिभाव के साथ चैत्र नवरात्र के अंतिम दिन पूजा-अर्चना की गई।







### जवारा विसर्जन की निकली झॉकी

चैत्र नवरात्र के नवमी तिथि को जगह-जगह ज्वारा विसर्जन की झॉकी निकाली गई। इस दौरान झॉकी का नजारा देखते ही बना रहा था। महिलाएं जवारा को बर्तन में रखकर अपने सिर पर ढोकर चलती रही और उसके आगे कुछ लोग झूमते हुए चल रहे थे। जानकारी के अनुसार शहर से लगे ओड़गी नाका बैकुंठपुर क्षेत्र से 27 मार्च को सुबह 10 बजे जवारा की झॉकी भक्तिभाव के साथ निकाली गई, इसके अलावा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में नवमी तिथि को जवारा विसर्जन की झॉकी निकाली गई। शहर के निकट प्रमुख आस्था केन्द्र माँ रमदईया धाम से नवमी तिथि को दोपहर के समय भव्य ज्वारा विसर्जन की झॉकी निकाली गई, इसके अलावा बैकुंठपुर के हर्रापारा क्षेत्र में भी भक्तों के द्वारा भक्तिभाव साथ जवारा विसर्जन की झांकी निकाली गई।

### कुमार चौक में जलपान वितरण

मॉ रमदईया धाम से निकली जवारा विसर्जन की झांकी शहर के कुमार चौक पर दोपहर के समय जब पहुंची तो श्रद्धालुओं द्वारा यहां जलपान वितरण किया गया। जवारा विसर्जन की झांकी में काफी संख्या में महिलाएं सिर में जवारा लेकर चल रही थी, साथ में भक्तजन भी काफी संख्या में शामिल रहे।

### धूमधाम से मनाई गई रामनवमी

**चरचा कॉलरी।** चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाने वाला रामनवमी पर्व इस वर्ष चरचा कॉलरी क्षेत्र में अभूतपूर्व श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ मनाया गया। पूरे क्षेत्र में सुबह से ही जय श्रीराम के जयघोष गूंजते रहे, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा। सुबह से ही हनुमान मंदिर, राम मंदिर एवं दुर्गा शक्ति मंदिरों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। भक्तों ने भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण एवं हनुमान जी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। मंदिरों को आकर्षक फूल-मालाओं और रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया था, जिससे पूरा वातावरण मनमोहक बन गया। दिनभर भजन-कीर्तन, रामायण पाठ और धार्मिक आयोजनों की गूंज से चरचा कॉलरी आध्यात्मिक रंग में रंगा रहा। बच्चों, युवाओं और महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई और आयोजन को सफल बनाया। दोपहर में गिरिडीह समाज द्वारा विशेष पूजा-अर्चना कर मंदिर परिसर में विधि-विधान से ध्वज स्थापित किया गया। इस दौरान डंके की गूंज, शंखनाद और जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिरस में डूब गया। पर्व के अवसर पर जगह-जगह प्रसाद वितरण किया गया, वहीं शाम को भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरे आयोजन के दौरान प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ। रामनवमी के इस भव्य आयोजन ने चरचा कॉलरी में सामाजिक एकता, भाईचारे और धार्मिक आस्था की अनूठी मिसाल पेश की। इस अवसर पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भी मंदिरों में पहुंचकर भगवान श्रीराम के दर्शन किए और क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। यह आयोजन इस बात का संदेश देता है कि धार्मिक पर्व न केवल आस्था का प्रतीक हैं, बल्कि समाज को जोड़ने और भाईचारे को मजबूत करने का भी सशक्त माध्यम भी हैं। रामनवमी का यह पर्व चरचा कॉलरी में शांति, सौहार्द और उल्लास के साथ संपन्न हुआ, जिसकी गूंज देर रात तक सुनाई देती रही।



# नौकरी का झांसा देकर ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर**

कोरिया जिले के थाना पटना क्षेत्र में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। आरोपी द्वारा आंगनबाड़ी सुपरवाइजर एवं शिक्षक पद पर नौकरी लगाने का झांसा देकर कई लोगों से लाखों रूपए ठगे गए थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम तेंदुआ निवासी आरती पटेल ने थाना पटना में शिकायत दर्ज कराई थी कि टेंगनी निवासी संदीप सिंह सारथी ने महिला एवं बाल विकास विभाग में आंगनबाड़ी सुपरवाइजर की नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाकर उससे किश्तों में करीब 2 लाख 40 हजार रूपए सहित अन्य रकम 44 हजार और 24 हजार 750 रूपए लिए, लेकिन नौकरी नहीं दिलाई और रकम हड़प ली। जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी ने स्तुति पटेल एवं प्रियंका कुजूर को आत्मानंद विद्यालय में शिक्षक पद पर नियुक्ति का झांसा देकर दोनों से 1 लाख 80 हजार रूपए, 1 लाख 80 हजार रूपए की ठगी की।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की, जिसमें पता चला कि आरोपी ने ठगी की रकम से एक कार खरीदी थी। पुलिस ने वाहन क्रमांक सीजी 16 सीएस 0226 को जब्त कर लिया है। आरोपी को 27 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला जेल बैकुंठपुर भेज दिया गया। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि नौकरी दिलाने के नाम पर किसी को रूपए न दें और इस प्रकार के मामलों की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

## शिवचरण के खाते में आए 10 हजार

**बैकुण्ठपुर।** छग सरकार की जनकल्याणकारी योजना के तहत भूमिहीन कृषि मजदूरों को आर्थिक सहायता मिलनी शुरू हो गई है। इसी क्रम में पटना नगर पंचायत निवासी शिवचरण के खाते में 10 हजार रूपए की राशि प्राप्त होने पर उन्होंने खुशी जताते हुए राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बलौदाबाजार-भाटापारा जिले से दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के खाते में डीबीटी के माध्यम से एकमुश्त 10 हजार रूपए की राशि अंतरित की थी। इस पहल का लाभ कोरिया जिले के हितग्राहियों को भी मिल रहा है। श्री शिवचरण को पटना नगर पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। उन्होंने राशि मिलने पर कहा कि यह योजना गरीबों के लिए बेहद सहायक है और सरकार जरूरतमंदों के हित में कार्य कर रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि सरकार सभी वर्गों की चिंता करते हुए उन्हें लाभ पहुंचाने का कार्य कर रही है। उल्लेखनीय है कि छग सरकार द्वारा दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को एकमुश्त 10 हजार रूपए की सहायता राशि प्रदान की जा रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक संबल मिल रहा है।

- **दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना से ग्रामीणों को राहत**



# आकाशीय बिजली की चपेट में आकर 7 मवेशियों की मौत



**हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर**

शुक्रवार अपरान्ह करीब 3 बजे पटना में अचानक बदले मौसम के बीच हुई तेज बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से बड़ा हादसा हो गया। बिजली की चपेट में आने से 7 गौवंश की मौके पर ही मौत हो गई, जिससे पशुपालकों को भारी आर्थिक क्षति हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बारिश शुरू होते ही मवेशी बचाव के लिए एक वृक्ष के नीचे खड़े हो गए थे। इसी दौरान अचानक आकाशीय बिजली गिरने से सभी मवेशी उसकी चपेट में आ गए और घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। हादसे में पशु मालिक मंगली सिंह पति रामकृपाल जाति गोंड के कुल 7 मवेशी जिसमे 6 गाय और 1 बैल मृत पाए गए, इनमें दो दुधारू गाय, एक गाभिन गाय, एक बैल तथा तीन बछिया शामिल हैं। घटना की सूचना मिलते ही नगर पंचायत उपाध्यक्ष गौरव अग्रवाल मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर उपस्थित हल्का पटवारी योगेश गुप्ता को निर्देशित किया कि प्रभावित पशुपालकों के लिए शीघ्र मुआवजा प्रकरण तैयार कर राहत दिलाई जाए।

- **पशुपालकों को भारी नुकसान**

# मौसम का मिजाज: कुछ देर हुई झमाझम बारिश

**हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी**

रामनवमी के अवसर पर चरचा क्षेत्र में मौसम ने अचानक करवट ले ली। चैत्र नवरात्र के समापन के बीच दोपहर बाद शुरू हुई तेज बारिश ने पूरे इलाके को तर-बतर कर दिया। जहां एक ओर लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली, वहीं दूसरी ओर त्योहार के उत्साह पर आंशिक असर भी देखने को मिला।

सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए हुए थे, लेकिन दोपहर होते-होते तेज हवाओं के साथ कुछ देर झमाझम बारिश हुई। बारिश इतनी तेज थी कि सड़कों पर पानी भर गया और कई जगहों पर कीचड़ की स्थिति बन गई, इससे आमजन को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ा। रामनवमी के अवसर पर मंदिरों में होने वाले विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और शोभायात्राओं की तैयारियों पर भी बारिश का असर पड़ा। कई आयोजनों को सीमित करना पड़ा, जबकि कुछ स्थानों पर कार्यक्रमों में देरी हुई। इसके बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था में कोई कमी नहीं आई और लोग भीगते हुए भी मंदिरों में दर्शन के लिए पहुंचते रहे। बारिश के कारण बाजारों में भीड़ कम रही, जिससे व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ा।



वहीं बच्चों और युवाओं ने इस बदले मौसम का आनंद लिया और बारिश में भीगते नजर आए। बारिश के चलते कई इलाकों में बिजली आपूर्ति भी कुछ समय के लिए प्रभावित रही। निचले क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बनने से राहगीरों और वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार इस अचानक बदलाव के पीछे पश्चिमी विक्षोभ और स्थानीय मौसमी प्रभाव जिम्मेदार हैं। आने वाले एक-दो दिनों तक हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई गई है, जिससे तापमान में गिरावट बनी रह सकती है। रामनवमी के अवसर पर जहां श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था, वहीं इस अप्रत्याशित बारिश ने एक अलग ही माहौल बना दिया। मंदिरों में घंटों की गूंज और बारिश की बूंदों की आवाज ने पूरे वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया।

# पेट्रोल-डीजल पर टैक्स में बड़ी कटौती, आम जनता को राहत

**बैकुण्ठपुर।** विपरीत वैश्विक परिस्थितियों और अंतरराष्टीय बाजार में बढ़ती ऊर्जा कीमतों के बीच नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने आम जनता को बड़ी राहत देते हुए पेट्रोल और डीजल पर लगने वाले उत्पाद शुल्क (एक्साइज ड्यूटी) में महत्वपूर्ण कटौती की घोषणा की है। इस फैसले से देशभर के उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है। सरकार द्वारा जारी निर्णय के अनुसार पेट्रोल और डीजल दोनों पर 10 रूपए प्रति लीटर तक की कटौती की गई है। इसके बाद पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी 13 रूपए से घटाकर 3 रूपए प्रति लीटर कर दी गई है, जबकि डीजल पर इसे 10 रूपए से घटाकर शून्य कर दिया गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि इस कदम से परिवहन लागत में कमी आएगी, जिससे महंगाई पर नियंत्रण पाने में मदद मिलेगी। पेट्रोल-डीजल सस्ता होने से दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतों में भी गिरावट संभव है। साथ ही किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों और आम उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। पर्यटन, उद्योग और सेवा क्षेत्र पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने केन्द्र सरकार के इस फैसले का स्वागत



करते हुए इसे नई ऊर्जा और नया विश्वास देने वाला कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय जनहित को प्राथमिकता देने वाली सरकार की सोच को दर्शाता है। देशभर में इस फैसले का व्यापक स्वागत किया जा रहा है और लोगों का मानना है कि यह कदम आर्थिक दबाव झेल रही जनता को बड़ी राहत प्रदान करेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने केन्द्र सरकार के इस फैसले का स्वागत करते हुए इसे नई ऊर्जा और नया विश्वास देने वाला कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह निर्णय जनहित को प्राथमिकता देने वाली सरकार की सोच को दर्शाता है। देशभर में इस फैसले का व्यापक स्वागत किया जा रहा है और लोगों का मानना है कि यह कदम आर्थिक दबाव झेल रही जनता को बड़ी राहत प्रदान करेगा।

# जिला खनिज संस्थान न्यास शासी परिषद की बैठक

**बैकुंठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला खनिज संस्थान न्यास डीएमएफ शासी परिषद की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना, डीएमएफ नियमों में हुए संशोधन तथा खनन प्रभावित क्षेत्रों के निर्धारण सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने बताया कि शासन द्वारा डीएमएफ नियमों में संशोधन किया गया है, जिसके तहत अब केवल खनन वाले जिले को ही डीएमएफ निधि प्राप्त होगी। साथ ही खनन क्षेत्र से 15 किमी तक के क्षेत्र को प्रत्यक्ष प्रभावित तथा 25 किमी तक के क्षेत्र को अप्रत्यक्ष प्रभावित क्षेत्र के रूप में चिन्हित किया गया है। इसी आधार पर जिले के प्रभावित ग्रामों की सूची तैयार कर अनुमोदन के लिए प्रस्तुत की गई। उन्होंने जानकारी दी कि डीएमएफ निधि का 70 प्रतिशत भाग शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं कौशल विकास जैसे उच्च प्राथमिकता वाले कार्यों पर व्यय किया जाएगा, जबकि शेष राशि अन्य अधोसंरचनात्मक कार्यों पर खर्च की जाएगी। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि निधि का उपयोग पारदर्शिता के साथ करते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाए तथा वित्तीय वर्ष समाप्ति से पूर्व लंबित प्रस्तावों के अनुमोदन की प्रक्रिया पूर्ण की जाए।

## फिर बदला मौसम: तेज हवाओं के साथ अचानक हुई तेज बारिश

**बैकुण्ठपुर।** मौसम का मिजाज के बदलने से शुक्रवार को अपरान्ह जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहित जिले के कई स्थानों पर कुछ देर की झमाझम बारिश हुई,वहीं इसके पूर्व तेज हवाएं भी चली, इसके चलते कुछ जगहों पर पेड़ों की डंगाल भी टूटकर गिर गई। कुछ देर की बारिश होने के बाद थम गई, फिर तेज धूप खिल गई, जो शाम ढलने तक धूप खिला रहा। 27 मार्च को सुबह से ही आसमान पूरी तरह से साफ रहा और धूप खिली रही ,लेकिन दोपहर बाद से अचानक आसमान में काले बादल उमड़ने लगे और तेज हवा चलने लगी। इसी बीच शहर में करीब 3:30 बजे अचानक बे मौसम बारिश शुरू हो गई, जो कुछ देकर के बाद थम गई। थोड़ी देर हुई बारिश में ही सड़कों पर पानी कुछ जगहों पर जमा हो गया। जब बारिश शुरू हुई और हवा भी चलती रही तो गर्मी से थोड़ी देर के लिए राहत जरूरत मिली, लेकिन बारिश थमने के बाद जब तेज धूप निकली, तब लोगों को उमस भरी गर्मी से बे हाल होना पड़ा। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व जिले का मौसम कुछ दिनों तक बिगड़ा, इसके चलते गर्मी की रफ्तार कम हो गई थी।

**न्यायालय नायब तहसीलदार देवनगर**
**जिला सूरजपुर (छ.ग.)**

रा.प्र.क./ /अ-6/2025-26

**ईश्तहार**

सर्व साधारण आम जनता निवासी ग्राम देवनगर तहसील रामानुजनगर जिला सूरजपुर (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक नुरूद्दीन अंसारी आ. रहमान मियां जाति मुसलमान निवासी नेहरू कालोनी चिरमिरी तहसील चिरमिरी जिला एम.सी.बी. (छ.ग.) द्वारा ग्राम देवनगर प.ह.न. 04 तहसील रामानुजनगर स्थित भूमि खसरा नं. 3518/4 रकबा 0.12 हे. भूमि जो कि अजीमन खातुन पति रहमान के नाम पर दर्ज है। अजीमन खातुन की मृत्यु दिनांक 10.08.2025 को हो गया है। अजीमन खातुन आवेदक की मां थी जो कि अपने जीवनकाल में दिनांक 12.07.2025 को बंटवारा में प्राप्त अपने हिस्से की भूमि का आवेदक के पक्ष में अपने अंतिम इच्छा पत्र का निष्पादन की है। आवेदक द्वारा वसीयतकर्ता का नाम विलोपित कर वसीयतनामा के आधार पर अपने नाम पर नामान्तरण हेतु वसीयत पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, बी-1 की प्रति के साथ आवेदन अन्तर्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू.रा.सं. 1959 प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त वसीयत नामा के आधार पर आवेदक के नाम पर नामान्तरण किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति है तो सुनवाई दिनांक 31.03.2026 के पूर्व दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जाएगा।

आज दिनांक 16.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी।

**नायब तहसीलदार**
**देवनगर जिला सूरजपुर (छ.ग.)**

**सरगुजा मार्केट**

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
**डॉ.आशु जैन**
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 05 अप्रैल, दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल — 10 बजे से 2 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर — 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल — 3 बजे से 7 बजे तक

आप परेशान क्यों हैं ?
**वारसी शिफा**
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
**डॉ.रौनक कलवानी**
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 08 अप्रैल, 2026, बुधवार
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
**डॉ.विकास अग्रवाल**
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 04 अप्रैल 2026, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

**गुप्त रोग**
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के
अण्डकोष, बवासीर, भगंदर
का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - **विश्वास औषधालय**
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास
अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

**TOP IN SURGUJA**

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
- फ्रैक्चर का आपातकालीन एवं सर्जिकल ईलाज
- उठने बैठने में तकलीफ
- जमीन पर बैठने में दिक्कत होना
- घुटनों में सूजन होना
- कंधे की ताकत कम होना
- कूल्हा एवं घुटना जोड़ प्रत्यारोपण
- सुबह जोड़ों में अकड़न होना
- चलने फिरने में दर्द

**गायत्री हॉस्पिटल**
CGHS से मान्यता प्राप्त
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
कम खर्च में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
सरगुजा संभाग के एकमात्र joint रिप्लेसमेंट सर्जन अब आपके शहर अम्बिकापुर के गायत्री हॉस्पिटल मे
**डॉ. हरप्रीत सिंह छाबड़ा**
MBBS, MS Ortho, FIJR
Lilavati Hospital Mumbai
Orthopedic trauma And Joint Replacement Surgeon
सुबह 11.00 बजे से 3.00 बजे तक
शाम 6.00 बजे से 8.00 बजे तक

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
**VC INSTITUTE**
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस: M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस: B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

## खबर संक्षेप



### दुर्गा पूजा समिति ने 17 जोड़ों का कराया विवाह

**कुसम।** दुर्गा पूजा समिति सामरी के तत्वाधान में विगत 4 वर्षों से हिंदू सनातन, सर्व धर्म समाज के वर-वधू का विवाह संपन्न कराया जाता है। इसी तारतम्य में 26 मार्च को सामरी शिव मंदिर प्रांगण में क्षेत्र के नगेसिया समाज, बिरजिया समाज, सहित सभी हिन्दू सनातन धर्म के 17 जोड़ी वर-वधू का विवाह संपन्न कराया गया। विवाह में समस्त प्रकार से हुई खर्च को दुर्गा पूजा समिति सामरी पाठ के समस्त पदाधिकारियों द्वारा वहन की। जो व्यक्ति आर्थिक रूप से शादी विवाह कराने में सक्षम नहीं होते है उनके लिए समिति के माध्यम से प्रत्येक वर्ष पूरी तरह से व्यवस्था करते हुए नव वर बधू का विवाह को सम्पन्न कराया जाता है। इस दौरान सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा, भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, संजय सिंह, बसंती भगत, राजेंद्र भगत, संजीता नगेसिया, दिनेश नाग, मथुरा प्रसाद गुप्ता, रामानंद यादव, लक्ष्मण सिंह पैकरा, राकेश भारती, विकेश साहू, राजेश्वर गुप्ता, राजेश्वर यादव, दुर्गेश गुप्ता, रामलाल यादव, सीताराम यादव, दीपक गुप्ता, संतोष गुप्ता, अर्जुन यादव, लल्लू यादव, राम प्रसाद नगेसिया सहित अन्य उपस्थित थे। विधायक ने 17 जोड़ी वर वधू की शादी संपन्न होने पर सभी जोड़ी को एक-एक सेट वस्त्र एवं एक-एक सेट बर्तन प्रदान करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

### महानवमी पर मंदिरों में हवन कन्या भोज के साथ पूजा



**बिश्रामपुर।** चैत्र नवरात्रि के समापन दिवस महानवमी और भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर क्षेत्र में भक्ति व श्रद्धा का माहौल बना रहा,सुबह से ही मंदिरों के कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गईं और पूरा क्षेत्र जय माता दी और जय श्रीराम के जयघोष से गुंज उठा,महानवमी के दिन क्षेत्र के प्रमुख देवी मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, दुर्गा सप्तशती पाठ, हवन और कन्या पूजन का आयोजन विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। देवी धाम आदिशक्ति मां समलेश्वरी महामाया मंदिर, स्वयंभू मां कालरात्रि मंदिर केनापारा,बलरामपुर खदान के मां काली मंदिर और महावीरपुर संजयनगर कालीघाट मंदिर,सिलफिली-लटोरी के मध्य पासंग नाला के पास स्थित महामाया मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी,श्रद्धालुओं ने नौ छोटी कन्याओं को देवी का स्वरूप मानकर उनके चरण धोए, तिलक लगाया, पूजन किया और उन्हें भोजन व उपहार देकर आशीर्वाद लिया। कई स्थानों पर भंडारों का आयोजन किया गया, जहां सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया,ज्ञात हो कि राम नवमी के अवसर पर दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर बस स्टैंड में विशेष पूजा-अर्चना और भव्य राम जन्मोत्सव का आयोजन किया गया।

### तैयारियों का जायजा लेने केंद्रीय कोयला सचिव का बिश्रामपुर प्रवास स्थगित

**बिश्रामपुर।** केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी के आगामी दिनों होने वाले बिश्रामपुर प्रवास की तैयारियों का जायजा लेने भारत सरकार के कोयला मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव सनोज कुमार झा का 27 मार्च को बिश्रामपुर प्रवास स्थगित हो गया है,प्रबंधन कोयला सचिव के प्रवास को लेकर पिछले एक सप्ताह से तैयारियों में जुटा हुआ था इसी दौरान गुरुवार देर रात कोयला मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव का दौरा स्थगित होने की जानकारी प्रबंधन को मिली,बताया गया कि मिडिल ईस्ट में चल रहे युद्ध को लेकर पेट्रोलियम और ऊर्जा संकट से निपटने मंत्रालय स्तर पर लगातार बैठकें चल रही है,किसी भी आपात स्थिति से निपटने केंद्र सरकार हर स्तर पर जरूरी कदम उठाने के लिए तैयारी कर रही है, संभवतः इन्हीं व्यस्तताओं के बीच कोयला मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव का प्रवास फिलहाल टल गया है।अब आगे परिस्थितियों के हिसाब से उनका दौरा कार्यक्रम नए सिरे से तय होने की जानकारी प्रबंधकीय सूत्रों ने दी है।

### विश्व क्षय दिवस पर स्वास्थ्य शिक्षा का आयोजन

**बैकुण्ठपुर।** न्यू लाईफ इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग में 24 मार्च को विश्व क्षय दिवस के अवसर पर न्यू लाईफ इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग में अध्ययनरत बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राओं ने जिला अस्पताल परिसर में पोस्टर के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य शिक्षा दिया। इस वर्ष क्षय दिवस की थीम यस वी केन इंड टीबी जिसका अर्थ हां हम टीबी को समाप्त कर सकते हैं, यह थीम इस विश्वास पर आधारित है कि सामूहिक प्रयासों राजनीतिक प्रतिबद्धता और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से इस महामारी को समाप्त किया जा सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार देशों को इस लड़ाई का नेतृत्व करना चाहिए और लोगों को सशक्त बनाना चाहिए और यह थीम भारत के नेतृत्व और जनता की भागीदारी पर जोर देती है।

# मौसम में हो रहे बदलाव से लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा विपरीत असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- सर्दी-खांसी व बुखार के साथ उल्टी-दस्त से पीड़ित हो रहे लोग, अस्पताल में बढ़ी मरीजों की संख्या



मौसम में हो रहे बदलाव का असर अब लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने लगा है। पिछले कुछ दिनों के भीतर अचानक मौसम बदल जाने तथा बारिश के साथ ओलावृष्टि होने से जहां ठंड बढ़ गई थी वहीं अब मौसम साफ होने के बाद उमस व गर्मी का एहसास लोगों को होने लगा है। मौसम के बदलने तथा तापमान में उतार चढ़ाव के कारण बच्चे से लेकर बडे सर्दी, खांसी व बुखार से पीड़ित होने लगे। अचानक मौसम के बदल जाने से मेडिकल कॉलेज अस्पताल समेत निजी अस्पताल में मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। चिकित्सक भी बदलते मौसम और बीमार पड़ने पर चिकित्सकों को दिखाने की सलाह दे रहे है।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कुछ दिनों से मरीजों की संख्या काफी बढ़ गई है जिससे हर रोज ओपीडी में भी मरीज के परिजन की भीड़ बढ़ने लगी है। ओपीडी में शहर की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की ज्यादा भीड़ होती है जो मौसमी बीमारी का इलाज कराने पहुंचते है। चिकित्सकों के मुताबिक बारिश के बाद अचानक मौसम के बदल जाने के कारण इसका विपरीत असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। मौसम के अचानक बदल जाने से लोग सर्दी, खांसी व बुखार से पीड़ित होने लगे। इन दिनों मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अलावा निजी अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ओपीडी में कुछ दिनों से मरीजों की संख्या वृद्धि हुई है हालांकि ओपीडी में विभिन्न बीमारियों की जांच कराने लोग आते है परंतु उनमें सर्दी, जुकाम व बुखार पीड़ितों की संख्या अधिक होती है। इस प्रकार की स्थिति एमसीएच में भी जहां परिजन बच्चों के सर्दी-जुकाम, बुखार की शिकायत को लेकर जांच कराने आते है। चिकित्सकों का मानना है कि मौसम के उतार-चढ़ाव के कारण इसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है और मरीजों की संख्या भी बढ़ी है।

### लापरवाही से बढ़ सकती है बीमारी

चिकित्सकों के मुताबिक मौसम बदलने तथा तापमान में घटने बढ़ने के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ता है। ऐसे में अगर बच्चों में बीमारी के लक्षण दिखे तो तत्काल पास के अस्पताल या किसी भी चिकित्सकों को दिखाए। समय पर उपचार शुरू होने से एक दो डोज में ही बच्चे ठीक हो सकते है और समय पर उपचार शुरू नहीं होने से इलाज लंबा चल सकता है। इसके अलावा घर में बने काढ़ा पीने से ठीक हो सकते है। जहां तक हो सके सर्दी, खांसी के लक्षण दिखाई देने पर गर्म पानी तथा काढ़ा का उपयोग करना चाहिए।

### ताजा भोजन का करें उपयोग

चिकित्सकों का कहना है कि जहां तक हो सके ताजा भोजन करें और इस मौसम में मक्खियां अधिक होती है ऐसे में भोजन को हमेशा ढंक कर रहे। वर्तमान में सर्दी, खासी, बुखार के अलावा दस्त से पीड़ित मरीज अस्पताल पहुंच रहे है। मौसम बदलने के कारण बच्चे व बडे आशिक रूप से बीमार पड़ रहे है।

### बढ़ी है मरीजों की संख्या

मौसम के बदलने के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है। खास कर बच्चों में इसका असर अधिक देखने को मिल रहा है जिससे बच्चे सर्दी, खांसी व बुखार से पीड़ित हो रहें है। बच्चों के स्वास्थ्य पर थोड़ा बहुत बदलाव आने पर तत्काल चिकित्सक को दिखाना चाहिए।

-डॉ. जेके रेलवानी
प्रभारी अस्पताल अधीक्षक एवं शिशु रोग विशेषज्ञ

## जीभ में बाना भेदकर निकाली शोभायात्रा

# बाजे-गाजे के साथ किया गया जवारा विसर्जन



जवारा विसर्जन करने जाते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- शोभायात्रा में बड़ी संख्या में शहर सहित आसपास गांव गे लोग हुए शामिल

चैत्र नवमी के अवसर पर आज मायापुर स्थित देवी धाम से गाजे बाजे के साथ मां की ज्वारा निकाली गई। नगर भ्रमण पश्चात महामाया मंदिर में जवारा विसर्जन किया गया। शोभा यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में भक्तों ने बाना को जीभ व गाल से आरपार भेदकर शोभायात्रा में शामिल हुए।

मायापुर चांदनी चौक स्थित देवी धाम से ज्वार विसर्जन के लिए भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान महिला व पुरुष भक्तो ने अपने जीभ में बाना भेदकर शोभायात्रा में शामिल हुए। धाम से निकली शोभायात्रा मायापुर, गुरुनानक चौक, महामाया चौक, समलाया मंदिर होते हुए महामाया मंदिर पहुंची जहां ज्वार का विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना के साथ विसर्जन किया गया। बताया गया कि मायापुर स्थित देवी धाम पिछले 100 वर्ष ज्वारा रखा जा रहा है तथा परम्परा का निर्वहन धाम के पुजारी रामानंद सिंह द्वारा किया जा रहा है। मान्यता है कि इस धाम में देवी का वास श्रद्धालुओं पर होता है तथा श्रद्धालु अपने जीभ में लोहे के बने बाना को आरपार कर देवी को खुश करते है। शोभायात्रा के दौरान अतिश सिंह (सिन्टू सिंह), सतीश सिंह, कालीचरण, दिनेश बारी, पूनम सिंह, कृष्णा, प्रीति सिंह, भूसील, प्रियंका सिंह, पलक सिंह, बीना सिंह, अविनाश सिंह, राजेन्द्र सिंह, नवीन अग्रवाल, ओमप्रकाश बारी, सुमित अग्रवाल, दीपक सोनी, राजेश गुप्ता, राणा, देवी राम, रोहन बारी, सुनिल सोनपाकर, सत्यम सिंह, महेश सिंह, गणेश सिंह, मनू खटीक, दिव्यांश सिंह, संजीव राव, विक्की अगरिया, कृष्णा अगरिया, हर्ष बारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे।

### करंजवार दुर्गा धाम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

- रातभर जस गीत पर झूमते रहे श्रद्धालु, दूर-दराज से पहुंच रहे भक्त

**प्रतापपुर।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर ग्राम करंजवार स्थित मां दुर्गा मंदिर धाम श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। रात्रि जागरण में जस गीतों पर पूरी रात श्रद्धालु झूमते रहे। नवरात्रि के प्रारंभ होते ही करंजवार दुर्गा धाम में विशेष पूजा-अर्चना, ज्वारा बुनाई और जस गीतों का क्रम शुरू हो गया है। आसपास के दर्जनों गांवों सहित दूर-दराज क्षेत्रों से आए श्रद्धालु यहां पहुंचकर माता रानी के दरबार में अपनी हाजिरी लगा रहे हैं। दिनभर पूजा-पाठ के बाद रात्रि में जब जस गीतों की गूंज उठती है, तो पूरा वातावरण भक्तिमय हो जाता है। रात्रि आरती के बाद शुरू होने वाले सेवा गीतों और ज्वारा परंपरा ने इस आयोजन को विशेष बना दिया है। ढोल-नगाड़ा और मांदर की थाप पर बड़ी संख्या में भक्त झूमते-नाचते नजर आते हैं। विशेष रूप से माताएं और बहनें मुंह में अग्नि लेकर सेवा गीत गाते हुए माता रानी को प्रसन्न करने का प्रयास करती हैं, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग दूर-दूर से यहां पहुंच रहे हैं। मंदिर के पुजारी पंडा कृष्णा साहू के अनुसार पिछले दो दशकों से अधिक समय से इस धाम में नवरात्रि के दौरान ज्वारा बोने और माता की विशेष पूजा की परंपरा चली आ रही है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के अलावा बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश से भी श्रद्धालु अपनी मनोकामनाएं लेकर यहां पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं का मानना है कि मां दुर्गा के दरबार में सच्चे मन से मांगी गई मनोकामना पूरी होती है। कई भक्त अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर यहां चढ़ावा चढ़ाते हैं और विशेष अनुष्ठान कराते हैं। यहां भूत-प्रेत बाधा, पारिवारिक संकट, संतान प्राप्ति और अन्य समस्याओं के समाधान के लिए भी लोग माता के दरबार में हाजिरी लगाते हैं।





# रघुनाथ मंडल की वार्ड बूथ कमेटियों का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- पूर्व डिप्टी सीएम सिंहदेव बने अनुभाग प्रभारी

संगठन सृजन अभियान अंतर्गत ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अम्बिकापुर के रघुनाथ मंडल में वार्ड एवं बूथ कमेटियों के गठन को लेकर इस मंडल के प्रभारी आदित्येश्वर शरण सिंहदेव की उपस्थिति में महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में मंडल के रामानुज वार्ड के साथ ही इस वार्ड के मतदान केन्द्र क्रमांक 155 एवं 157 के बूथ कमेटियों का भी गठन किया गया।

रामानुज वार्ड की पूर्व पार्षद श्रीमती पूर्णिमा सिंह को वार्ड कमेटी का अध्यक्ष चुना गया है। इस बैठक में लिए गए निर्णय के तहत बूथ क्रमांक 157 के अनुभाग पैलेस पारा के लिए पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव को अनुभाग प्रभारी नियुक्त किया गया है। अम्बिकापुर शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अंतर्गत कुल 10 मंडलों का गठन किया गया है। जिनमे रघुनाथ मंडल के अंतर्गत कुल 14 मतदान केंद्र और 4 वार्ड आते हैं। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश अनुसार 30 मार्च तक सभी बूथ एवं वार्ड में कमेटियों का गठन होगा। बैठक में आदित्येश्वर शरण सिंहदेव ने कहा कि संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत अम्बिकापुर शहर के 140 बूथों पर बूथ और वार्ड कमेटियों और अनुभाग प्रभारियों के रूप में लगभग साढ़े तीन हजार जमीनी कार्यकर्ताओं की फौज तैयार करने का लक्ष्य है। इसके अलावा सभी कमेटियों में महिला कांग्रेस, यूथ कांग्रेस, एन एस यू आई, सेवादल की मजबूत टीम तैयार करने का लक्ष्य है। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह धंजल, रघुनाथ मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश सिंह, प्रशांत सिंह चीकू, शैलेंद्र प्रताप सिंह, अनूप मेहता, जमील खान, जीवन यादव, राकेश सिन्हा, देवा चौहान, दिनेश कुमार शर्मा, मेघा खांडेकर, आरती महंत, तृप्तराजसिंह धंजल, मुखचंद जायसवाल, शुभेंदु घोष, ऋषभ सिंह, नरेन्द्र सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### नगर में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा, 9 दिनों तक चली पूजा अर्चना



**सीतापुर।** चैत्र नवरात्रि के साथ ही हिन्दू नववर्ष, रामनवमी का पर्व नगर में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान नौ दिनों तक चलने वाली नवदुर्गा की आराधना को लेकर नगर की आराध्य देवी मां महामाया मंदिर, गायत्री मंदिर समेत राम जानकी मंदिर औघड़ मंदिर एवं मां मंगरेलगढ़ धाम समेत दुर्गा मंदिर को विशेष रूप से सजाया गया था। इस दौरान मंदिरों में ज्योति कलश की स्थापना करने के साथ ही विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही थी। हिंदू नववर्ष के साथ शुरू होने वाले रामनवमी के नवमी तिथि को भक्तों ने नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली। सर्व हिंदू समाज द्वारा आयोजित शोभायात्रा राम जानकी मंदिर में पूजा अर्चना के बाद लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम से राम सीता की झांकी के साथ निकाली गई। गाजे बाजे एवं आतिशबाजी के साथ निकली विशाल शोभायात्रा का नगर में श्रद्धालुओं द्वारा जगह जगह भव्य स्वागत किया गया। भक्ति गीतों पर नाचते गाते श्रद्धालु महामाया मंदिर पहुंचे जहां विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद महा आरती की गई। इस दौरान आयोजन समिति द्वारा छठ घाट पर महाप्रसाद का आयोजन किया गया था जिसमे शोभायात्रा में शामिल लोगों ने महाप्रसाद ग्रहण किया। इस शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी अखिलेश सिंह के नेतृत्व में चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात थी।

### ट्रक चालक पर एमवी एक्ट की हुई कार्रवाई

- अंबिकापुर से सरिया लोड कर सूरजपुर की तरफ जा रहा था ट्रक,लोगों की सूचना पर जयनगर पुलिस ने पकड़ा

**बिश्रामपुर।** एनएच 43 पर शराब पीकर सरिया लोड ट्रक चलाने वाले नशेड़ी वाहन चालक को पकड़कर जयनगर पुलिस ने आरोपी चालक धर्मेंद्र यादव पिता सुखदेव यादव 29 वर्ष निवासी धरसेडी थाना ओड़गी के खिलाफ एमवी एक्ट की कार्यवाही की है। बताया गया कि गुरुवार की दोपहर बाद एनएच 43 में अंबिकापुर से सूरजपुर की तरफ जा रही सरिया लोड ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीजी 9304 का चालक शराब पीकर तेज गति से वाहन चला रहा था,इस दौरान उसके वाहन के अनियंत्रित होने से कई राहगीर दुर्घटनाग्रस्त होते बाल बाल बचे, इस दौरान एक कार सवार युवक ने ट्रक चालक की स्थिति को देखते हुए जयनगर पुलिस कोइसकी सूचना दी,जिसके बाद पुलिस ने ट्रक वाहन को बैरिगेटिंग कर जयनगर थाने के समीप रोक लिया।जयनगर पुलिस ने वाहन चालक का तत्काल स्वास्थ्य परीक्षण कराया जिसमें उसके द्वारा शराब सेवन कर वाहन चलाने की पुष्टि हुई जिसमें बड़ी मात्रा में भारी सरिया लोड था,पुलिस ने ट्रक चालक के मोबाइल और ट्रक वाहन को जप्त कर आरोपी के खिलाफ एमवी एक्ट की कार्यवाही कर मामले को सूरजपुर न्यायालय पेश किया है।

# एआई विषय पर संत हरकेवल शिक्षा महाविद्यालय में हुई अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला




हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- 76 शोधपत्र प्रकाशित हुए, 83 शोधपत्रों का किया गया प्रस्तुतीकरण

संत हरकेवल शिक्षा महाविद्यालय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया। यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़, वीतराग रिसर्च फाउंडेशन रायपुर, इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस गरियाबंद, आरएनएस शिक्षा महाविद्यालय महेंद्रगढ़ तथा केबी पटेल शिक्षा महाविद्यालय सरभोका (एमसीबी) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सेमीनार में फ्रॉम सॉफ्ट स्कूल टू रियल स्किलः रीबील्डिंग एजुकेशन फ्यूचर इन दी एआई एरा ए मल्टीडिसिप्लिएरी प्रेस्पेक्टिव विषय पर रखा गया। इस अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में देश-विदेश के शिक्षाविदों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सेमिनार में कुल 878 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया। कुल 112 शोधपत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 76 शोधपत्र प्रकाशित हुए तथा 83 शोधपत्रों का सफलतापूर्वक प्रस्तुतीकरण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसजीजीयू के कुलपति प्रो. डॉ. राजेंद्र लाकपाले तथा ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी शामिल हुए। विशिष्ट अतिथियों में जनजातीय गौरव समाज के प्रदेश मंत्री राम लखन सिंह पैंकरा, पार्षद आलोक दुबे, एमआईसी सदस्य मनीष सिंह, पार्षद मनोज गुप्ता, मंगल पांडेय, सुश्री वंदना दत्ता, गायत्री परिवार से अमृता जायसवाल शामिल हुई। वहीं सेमिनार में वीतराग रिसर्च फाउंडेशन रायपुरसे चेयरपर्सन डॉ. दिव्या शर्मा, वीतराग रिसर्च फाउंडेशन एवं मनोविज्ञान विभाग सलाहकार मंडल सदस्य डॉ. रोली तिवारी, इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस गरियाबंद के डायरेक्टर राजीव गुप्ता, मैट्स यूनिवर्सिटी से प्रो. संगीता श्रॉफ, वीतराग विश्वास फाउंडेशन से श्रीमती भावना क्षत्रिय सहित कई शिक्षाविद उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अंजन सिंह ने बताया कि महाविद्यालय द्वारा आयोजित यह पहला अंतरराष्ट्रीय सेमिनार है, जिसका उद्देश्य शिक्षा और अनुसंधान को नई दिशा देना है। मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. राजेंद्र लाकपाले ने कहा कि एआई शिक्षा को सरल और आधुनिक बना सकता है, लेकिन इसका संतुलित उपयोग जरूरी है।

समापन सत्र के अवसर पर मुख्य अतिथि एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लों, प्राचार्य ट्रेनिंग सेंटर से श्रीमती स्वेच्छा सिंह, डॉ. एसके श्रीवास्तव, डॉ. रश्मि चरियानी, त्रिलोक कपूर कुशवाहा, विनय सिंह सहित अन्य मौजूद थे।



### निगरानी समिति ने किया पीएम जनमन के तहत बनने वाली सड़कों का निरीक्षण

**राजपुर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री विजय शर्मा के निर्देश पर गठित राज्य स्तरीय निगरानी समिति एवं राज्य गुणवत्ता समीक्षक टीम ने पीएम-जनमन योजना के अंतर्गत इकाई राजपुर के तहत बनने वाली सड़क धनेशपुर से छुराकोना सहित कुल 11 सड़कों का राज्य गुणवत्ता समीक्षक द्वारा विस्तृत परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्मित सड़कों का सतह दर सतह परीक्षण किया गया। डामरीकरण की गुणवत्ता, विभिन्न परतों की मोटाई तथा निर्माण में उपयोग की गई सामग्री की जांच की गई। गुणवत्ता समीक्षक ने सड़क की प्रत्येक लेयर की मोटाई का मापन कर निर्धारित मानकों से तुलना की। निरीक्षण के दौरान ग्राम छुराकोना में उपस्थित ग्रामीणों से भी संवाद किया गया। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण से आवागमन में हुई सुविधा पर संतोष जताते हुए कुछ स्थानीय समस्याएं भी रखीं, जिन्हें सुनकर अधिकारियों ने शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। गुणवत्ता समीक्षक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि भविष्य में भी कार्य की गुणवत्ता इसी स्तर पर बनाए रखें तथा निर्धारित समयसीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करें। उन्होंने यह भी कहा कि लक्षित पहुंचविहीन बसाहटों को सड़क मार्ग से जोड़ना योजना का मुख्य उद्देश्य है, जिसे प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए। निरीक्षण दल ने निर्माण एजेंसियों को तकनीकी मानकों का कड़ाई से पालन करने तथा नियमित मॉनिटरिंग जारी रखने के निर्देश दिए। इस दौरान विभाग के अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता जीएस सिदार सहित परियोजना से जुड़े अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।






## खबर संक्षेप



### सरगुजा कप के संबंध में फाउंडेशन टीम ने स्वास्थ्य मंत्री से की भेंट

**अम्बिकापुर।** सुसीमा वेलफेयर फाउंडेशन के सदस्यों ने शुक्रवार को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से उनके निवास पर भेंट की तथा पॉलिटेक्निक कालेज में 10 से 13 अप्रैल तक आयोजित होने वाली सरगुजा कप ऑल इंडिया ओपन फिडे रेटेड चेस टूर्नामेंट के विषय में जानकारी दी। फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने प्रतियोगिता की तैयारियों, आयोजन के उद्देश्य तथा देशभर से आने वाले खिलाड़ियों के बारे में उन्हें अवगत कराया साथ ही आयोजन के लिए उनसे मार्गदर्शन लिया। इस दौरान सुसीमा वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष सुजित जायसवाल, आयोजन समिति के अध्यक्ष विश्वनाथ मनियन, सचिव शेषरतन जायसवाल, अंतरराष्ट्रीय शतरंज निर्णायक अनीस अंसारी उपस्थित थे।

### दुर्घटनाएं रोकने गौरवपथ पर स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग

**अम्बिकापुर।** रामानुज वार्ड क्रमांक 33 की पार्षद कुमारी मेघा खांडेलकर के नेतृत्व में वार्डवासियों ने ननि आयुक्त को ज्ञापन सौंप बाबूपारा स्थित गौरवपथ में दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए स्पीडब्रेकर बनाने के साथ ही संकेतक लगाने की मांग की है। वार्डवासियों ने बताया कि गौरवपथ पर प्रतीक्षा बस स्टैण्ड सहित राजमोहिनी देवी कन्या पीजी कॉलेज लम्बे समय से संचालित है जबकि कुछ दिनों से ननि कार्यालय का संचालन किया जा रहा है। मार्ग से लोग तेज रफ्तार वाहनों से आवागमन करते हैं जिससे दुर्घटनाएं होने का भय बना रहता है। वार्डवासियों ने चिन्हित स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनाने एवं संकेतक लगाने की मांग की है।

### अवैध प्लाटिंग को रोकने जिला स्तरीय समिति का गठन

**बलरामपुर।** राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग नया रायपुर के निर्देशानुसार जिलों में अवैध प्लाटिंग को रोकने के लिए जिला स्तर पर समिति का गठन किया जाना है। इस संबंध में कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के द्वारा जिले में अवैध प्लाटिंग के समुचित कार्यवाही करने के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। जिसमें कलेक्टर समिति के अध्यक्ष होंगे। इसी प्रकार पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत सीईओ, अपर कलेक्टर, सहायक संचालक नगर एवं ग्राम निवेश, समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका/नगर पंचायत एवं समस्त जनपद पंचायत सीईओ सदस्य होंगे। कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने जिला स्तरीय समिति के सदस्यों को समन्वय स्थापित करते हुए अवैध प्लाटिंग के प्रकरणों पर नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा है।

### जनजातीय गर्जना महारैली की तैयारियों को लेकर हुई बैठक




**अम्बिकापुर।** जनजाति सुरक्षा मंच द्वारा "चलो दिल्ली अभियान" को सफल बनाने के उद्देश्य से उरांव सामाजिक भवन पटेलपारा में समीक्षा बैठक कर डीलिस्टिंग कानून को लेकर गांव-गांव में जनसंपर्क बढ़ाने का आह्वान किया किया। बैठक में बीरबल सिंह ने कहा कि धर्मांतरण के कारण जनजातीय समाज की मूल पहचान, परंपरा और अधिकारों पर संकट उत्पन्न हो रहा है। इसलिए डीलिस्टिंग कानून बनना समय की मांग है। दिल्ली में आयोजित होने वाली जनजातीय गर्जना महारैली इस विषय को राष्ट्रीय स्तर उठाने का महत्वपूर्ण अवसर है। प्रांत सह संयोजक इन्दर भगत ने कहा कि कार्यकर्ता गांव-गांव और टोला-टोला जाकर समाज के प्रत्येक परिवार से संपर्क करें तथा लोगों को दिल्ली महारैली में शामिल होने के लिए प्रेरित करें, ताकि जनजातीय समाज की आवाज देश की राजधानी तक मजबूती से पहुंच सके। बैठक में गांव-गांव व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। बैठक में जिला संयोजक बिहारी लाल उरांव, मानकेश्वर भगत, गिरधर भगत, पुष्पा प्रधान, तिलक राम, बालमुनि प्रधान, उमाशंकर खलखो, पावन पूर्णाहुति भगत, मानसून भगत, सुरेन्द्र भगत, सचिन भगत सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पड़ोसी ने मां-बेटी को दी जान से मारने की धमकी, अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** पड़ोसी ने मां-बेटी पर झुपने तथा पागल कहते हुए न सिर्फ गाली गलौज की बल्कि दोनों को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। पुलिस आरोपी पड़ोसी के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम सिवारी पारा निवासी कांति देवी पति शिव कुमार (38 वर्ष) ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 24 मार्च की शाम लगभग 6-7 बजे बेटी अंजली के साथ घर में थी तभी पड़ोसी प्रभा, राजकुमारी, कन्हैया व राजू अपने घर के सामने खड़ा होकर गाली गलौज करते हुए पागल होने तथा झुपने की बात को लेकर विवाद करना शुरू कर दिया। साथ ही दोनों को जान से मार देने की धमकी दी। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पड़ोसी के विरूद्ध धारा 296(बी), 351(3), 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## तीन दिन की बंदी के बाद आगंतुकों की संख्या में आई भारी कमी

# पर्यटकों के लिए खोली गई संजय वन वाटिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

हिरणों की मौत के बाद तीन दिनों तक बंद रखने के बाद विभाग ने अब संजय वन वाटिका को पर्यटकों के लिए खोल दिया है। लगातार तीन दिनों तक बंद रहने के कारण अभी भी वाटिका में मायूसी छायी है तथा पर्यटकों की संख्या में बेतहाशा कमी आई है।

**खास बात**
- सुरक्षा के लिए बाड़े में लगाई जा रही टीन की चादर

संजय वन वाटिका स्थित हिरणों के बाड़े में 20 मार्च की रात पिछले हिस्से से आवारा कुत्ते घुस गए थे तथा हमला कर 15 हिरणों को मार दिया था। पहली बार हुई इस तरह की घटना से वन अधिकारियों में हड़कंप मच गया था। मामले में वाटिका में तैनात वनकर्मियों की लापरवाही उजागर होने पर अधिकारियों ने डिप्टी रेंजर सहित पांच वनकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था। साथ ही आवश्यक सुधार के लिए वाटिका को तीन दिनों के लिए बंद कर दिया था। इस अप्रत्याशित घटना को लेकर विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर भी तरह-तरह के सवाल उठे। वाटिका का सुधार कार्य पूरा होने के उपरांत गुरूवार को इसे पर्यटकों के लिए खोल दिया गया है। विभाग ने वाटिका के प्रबंधन से पूर्व में ही वन प्रबंधन समिति को पृथक कर दिया है था। अब वाटिका के प्रबंधन की जिम्मेदारी विभाग के दो अन्य कर्मचारियों को सौंपी गई है जबकि पार्क की साफ-सफाई सहित अन्य कार्यों में पूर्व के मजदूरों को ही नियोजित किया गया है। भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए वन्य जीवों के बाड़े में जीआई तार की जाली के निचले हिस्से में टीन की चादर लगाई जा रही है।

वाटिका की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के उद्देश्य से भविष्य में बाउण्ड्री की ऊंचाई बढ़ाने एवं वाटिका के पिछले हिस्से में पक्की बाउण्ड्री का निर्माण करने की योजना है। विभाग द्वारा वाटिका के पिछले हिस्से में भी तार की जाली के साथ टीन की चादर लगाई गई है। वाटिका के पास मौजूद आवारा कुत्तों को पकड़ने विभाग ने ननि प्रशासन से भी आवश्यक कार्रवाई करने की पहल की है।



सूनी संजय वनवाटिका।

### हिरणों को खुले जंगल में छोड़ने की तैयारी

विभाग द्वारा संजय वन वाटिका में संचालित रेस्क्यू सेंटर को जू अथॉरिटी की मान्यता नहीं होने संबंधी सवाल उठने के बाद विभाग ने वाटिका में बचे 16 हिरणों को खुले जंगल में छोड़ने की योजना बनाई है। हिरणों को खुले जंगल में छोड़ने की प्रक्रिया काफी लंबी है। इसके लिए पशु चिकित्सक हर हिरण की स्वास्थ्य जांच कर उसके पूरी तरह स्वस्थ होने तथा खुले जंगल में उसके विचरण करने योग्य होने का प्रमाण पत्र देते हैं जिसके बाद आवश्यकता के अनुरूप उन्हें टाइगर रिजर्व एवं अभ्यारण्यों के संरक्षित जंगलों में सुरक्षित छोड़ने की प्रक्रिया की जाती है। इस कार्य में तीन-चार महीने का समय लगने की संभावना है। विभाग वाटिका में निवासरत दो नीलगाय, एक दर्जन से अधिक मोर सहित अन्य पशु- पक्षियों को भी जंगल में छोड़ेगा।

### विकसित होगा इको पार्क

संजय वन वाटिका में रेस्क्यू सेंटर का संचालन होगा अथवा नहीं फिलहाल इसका निर्णय नहीं हो सका है। ऐसे में विभाग ने वाटिका के सभी वन्यजीवों को आजाद करने के साथ ही वाटिका को पूर्व की तरह इको पार्क विकसित करने का निर्णय लिया है। इको पार्क में पूर्व की तहर ट्वाय ट्रेन, झूला सहित मनोरंजन के अन्य साधन विकसित करने की योजना है। रेस्क्यू सेंटर का मामला नीतिगत होने के कारण उच्चस्तरीय जांच दल की रिपोर्ट पर विभाग निर्णय लेगा। रेस्क्यू सेंटर खोलने के लिए अब विभाग को जू अथॉरिटी अनुमति भी लेनी होगी। हालाकि वन्य जीवों के घायल होने की घटनाएं आए दिन होती है। वन अधिकारी घायल वन्य जीवों की देखरेख की व्यवस्था कहां करेंगे इस संबंध में अभी कोई निर्णय नहीं हुआ है।

### वन्य जीवों को छोड़ेंगे जंगल में

संजय वन वाटिका के हिरणों सहित अन्य वन्य जीवों को संरक्षित जंगल में छोड़ा जाएगा। भविष्य में ऐसी घटना न हो इसके लिए वाटिका के बाड़े में आवश्यक सुधार किया जा रहा है। रेस्क्यू सेंटर के संबंध में उच्च स्तरीय जांच दल की रिपोर्ट पर विभाग निर्णय लेगा।

-अभिषेक जोगावत
डीएफओ, सरगुजा



# स्कूल की भूमि पर अवैध अतिक्रमण, जेसीबी जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ धौरपुर

स्कूल की शासकीय भूमि पर अतिक्रमण के उद्देश्य से झाड़ियों की साफ-सफाई व भूमि को समतल कराने के मामले में एसडीएम ने एक जेसीबी को जब्त किया है।

विकासखण्ड लुण्ड्रा अंतर्गत ग्राम बबौली स्थित शासकीय शाला की भूमि पर अवैध अतिक्रमण करने के उद्देश्य से गांव का कामेश्वर यादव झाड़ियों की साफ-सफाई एवं भूमि का समतलीकरण करा रहा था। गांव के किसी व्यक्ति ने तत्काल एसडीएम को घटना की जानकारी देकर अवैध अतिक्रमण पर रोक लगाने की मांग की। सूचना मिलते ही एसडीएम ने थाना प्रभारी को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसडीएम के निर्देश पर घटनास्थल पर पुलिस पहुंची तथा पूछताछ करने लगी तो आरोपी ने तत्काल काम बंद कर दिया तथा अतिक्रमण नहीं करने का भरोसा देकर पुलिस अमले को वापस भेज दिया तथा पुलिस के हटते ही जेसीबी से भूमि का समतलीकरण कराने लगा। अतिक्रमणकारी द्वारा मनमानी करने की सूचना पर एसडीएम पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तथा समतलीकरण कर रहे जेसीबी को जब्त कर पुलिस के हवाले कर दिया। एसडीएम की सख्ती के बाद अवैध अतिक्रमण पर रोक लगी। पुलिस ने जब्त जेसीबी को थाना परिसर में खड़ा कराया है। जेसीबी विनायकपुर निवासी विवेक यादव की बताई जा रही है।

### कुएं में मिला 6 दिन से लापता वृद्ध का शव

**शंकरगढ़।** ग्राम दोहना में उस समय सनसनी का माहौल निर्मित हो गया जब एक कुएं में एक वृद्ध का शव मिला। बताया जा रहा है कि मृतक पिछले छह दिनों से लापता था और परिजन सहित गांव के लोग लगातार उसकी तलाश कर रहे थे। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार ग्राम दाहना निवासी वृद्ध सुंदरा लकड़ा छह दिन पूर्व घर से निकला था जिसके बाद वापस घर नहीं लौटा। वृद्ध के घर वापस नहीं आने पर परिजन सहित गांव के लोग लगातार वृद्ध की तलाश कर रहे थे लेकिन काफी खोजबीन के बाद भी वृद्ध का कहीं पता नहीं चला। शुक्रवार की शाम लगभग 4 बजे कुछ लोग जब कुआं के पास गए तो पानी में शव नजर आया। इधर कुएं में शव होने की जानकारी लगते ही बड़ी संख्या में गांव के लोग मौके पर एकत्र हो गए साथ ही तत्काल घटना की सूचना शंकरगढ़ पुलिस को दी। गई। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंच ग्रामीणों की मदद से शव का बाहर निकाल शिनाख्त कराया तो शव पिछले छह दिनों से लापता सुंदरा के रूप में की गई। पुलिस ने पंचनामा पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। वृद्ध कुएं में कैसे गिरा इसे लेकर पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।



# युवक की पिकअप से नहीं बल्कि कार की टक्कर से हुई थी मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

लुचकी घाट के समीप हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई थी जबकि मृतक का साथी गंभीर रूप से घायल हो गया था। दुर्घटना में पिकअप की टक्कर से मौत हो जाने की बात सामने आई थी लेकिन गत दिन आईसीयू से छुट्टी होने पर घायल ने बताया कि पिकअप से नहीं बल्कि सफेद रंग की कार की चपेट में आने से उसके साथी की मौत हुई थी।

- बाइक सवार घायल युवक ने आईसीयू से छुट्टी होने पर बताया

जानकारी के अनुसार बतौली थाना अंतर्गत ग्राम सेदम निवासी ईश्वर साहू आ. हरिशचंद्र साहू (35 वर्ष) 21 मार्च को किसी काम के सिलसिले में सेदम उरांव पारा निवासी सोने लाल आ. घूरा (23 वर्ष) के साथ बाइक से शहर आए थे। दोपहर को दोनों बाइक क्रमांक सीजी 14 एमटी 1939 से वापस घर जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार लुचकी घाट पर पहुंचे तभी मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के कारण प्रशासन ने बड़े वाहनों को रोक दिया था, जिससे सड़क पर लंबा जाम लग गया। दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गई थी। मार्ग संकरा हो गया था। इसी बीच सेदम की ओर जा रहे बाइक में सवार 2 युवक पीछे से आ रहे ट्रक को साइड देने के दौरान असंतुलित होकर सड़क पर गिर पड़े। तभी पीछे से आ रही सफेद रंग की कार के चालक ने नियंत्रण खो दिया और सीधे गिरे हुए युवकों को कुचलते हुए मौके से फरार हो गया जिससे बाइक के पीछे बैठे ईश्वर साहू की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक चालक सोनेलाल (23 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जो आईसीयू से छुट्टी होने पर घर पहुंचा और बताया कि दुर्घटना में सफेद कार ने ईश्वर को कुचलते हुए फरार हो गया था।





# प्रभारी सचिव प्रसन्ना की अध्यक्षता में कृषि समीक्षा बैठक

**सूरजपुर।** जिले के प्रभारी सचिव सीआर प्रसन्ना की अध्यक्षता में जिला संयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में कृषि विषय पर महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पूर्व वर्षों में उर्वरकों की मांग और आपूर्ति की जानकारी संबंधित अधिकारियों से ली गई तथा वर्तमान खाद भंडारण की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। प्रभारी सचिव ने आगामी खरीफ सीजन के लिए जिले में गुणवत्ता युक्त खाद एवं बीज की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि रासायनिक उर्वरक का पर्याप्त भंडारण किया जाए और रैक पॉइंट से आवंटित खाद का जिले में समय पर भंडारण सुनिश्चित हो। प्रभारी सचिव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि समितियों में भंडारण व्यवस्था की नियमित समीक्षा की जाए। खाद एवं बीज निरीक्षकों द्वारा बीज व खाद दुकानों तथा समितियों का नियमित भौतिक निरीक्षण किया जाए, ताकि कालाबाजारी और जमाखोरी जैसी स्थिति पर पूर्णतः अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने कालाबाजारी, जमाखोरी एवं अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही स्पष्ट किया कि खाद का वितरण नियमानुसार हो और केवल पात्र किसानों को ही खाद व बीज उपलब्ध कराया जाए। जिसके लिये उन्होंने योजनाबद्ध तरीके से कार्ययोजना बनाने और क्रियान्वन की बात कही। बैठक में कलेक्टर एस जयवर्धन, संयुक्त कलेक्टर पुष्पेन्द्र शर्मा, एसडीएम अजय मोड़ियम, उपसंचालक कृषि सम्पदा पैकरा सहित कृषि विभाग से सम्बद्ध अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

- खाद-बीज की कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

# पछुआ विक्षोभ का प्रभाव: धूल भरी आंधी के साथ बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मौसम में आए बदलाव के कारण शुक्रवार को शाम 4 बजे आसमान पर घने बादल छाने के साथ ही तेज रफ्तार धूल भरी आंधी चली तथा गरज-चमक के साथ हल्की वर्षा हुई। मौसम विज्ञानी आगामी दो दिनों तक मौसम के प्रतिकूल रहने एवं तेज रफ्तार आंधी के साथ बौछारे गिरने एवं कहीं-कहीं ओलावृष्टि होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

- आगामी दो दिनों तक प्रभावी रहेगा विक्षोभ

वर्तमान में उत्तर भारत में लगातार पछुआ विक्षोभ सक्रिय है। पूर्व में सक्रिय विक्षोभ का प्रभाव अभी खत्म भी नहीं हुआ है कि गुरूवार को एक नया ताकतवर विक्षोभ सक्रिय हो गया है जबकि एक अन्य पछुआ विक्षोभ के शुक्रवार को देर रात तक सक्रिय होने की संभावना है। विक्षोभ के प्रभाव से पश्चिम बंग्लादेश, उत्तर-पश्चिम बिहार, मणिपुर आसाम में चक्रवाती परिसंचरण वहीं मराठवाड़ा से कर्नाटक तक द्रोणिका सक्रिय है। एक साथ अनेक मौसमी घटकों के सक्रिय होने के कारण खाड़ी से लगातार नमी पहुंच रही है। मौसम विज्ञानी मौसमी घटकों के आगामी दो दिन तक प्रभावी रहने एवं तेज रफ्तार आंधी के साथ बारिश होने एवं कहीं-कहीं ओले गिरने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। मौसम में आए बदलाव के कारण शुक्रवार को शाम 4बजे आसमान पर घने बादल छाने के साथ ही शहर में अंधेरा छा गया। इस दौरान तेज रफ्तार धूल भरी आंधी चली तथा गरज-चमक के साथ 10 मिनट तक वर्षा हुई। बारिश बंद होते ही मौसम साफ हो गया साथ ही धूप भी निकली। आंधी के दौरान नमनाकला स्थित चर्च के पास रिंगरोड पर एक विशाल पेड़ गिर गया। पेड़ गिरने के कारण आवागमन में मामूली बाधा आई शहर के अन्य स्थानों पर भी आंधी से पेड़ों की डालें टूटने की सूचना है। शुक्रवार को हुई 10 मिनट की बारिश में ही प्रतीक्षा बस स्टैण्ड में पानी भर गया है जिससे यात्रियों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



बारिश के दौरान गांधी चौक।

## एक घंटे की मूसलाधार बारिश से प्रतापपुर तरबतर, आंधी से गिरे पेड़

**प्रतापपुर।** शुक्रवार की दोपहर अचानक मौसम के बदनले तथा तेज आंधी-तूफान के साथ शुरू हुई मूसलाधार बारिश ने महज एक घंटे में ही प्रतापपुर क्षेत्र का जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया। तेज हवाओं, से कई जगह पेड़ गिर गए जबकि शहर में लगे बैनर व फ्लेक्स उड़ गए। अचानक हुई बारिश के तथा पेड़ गिरने से विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई।



दोपहर में अचानक हुई बारिश इतनी तेज थी कि मुख्य सड़कों से लेकर गलियों तक पानी भर गया। कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति बन गई, जिससे आवागमन प्रभावित हुआ। दोपहिया वाहन चालकों और राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। अचानक बारिश से बाजारों में भी भगदड़ जैसी स्थिति बन गई और लोग दुकानों व छज्जों के नीचे शरण लेते नजर आए। तेज आंधी के चलते कई छोटे-बड़े पेड़ उखड़कर सड़कों पर गिर गए, जिससे रास्ते अवरुद्ध हो गए। कुछ स्थानों पर बिजली के खंभों और तारों को भी नुकसान पहुंचने से विद्युत आपूर्ति बाधित रही। दुकानों के सामने लगे बैनर, फ्लेक्स और त्रिपाल हवा में उड़ गए, जिससे व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ा। इस दौरान हल्की ओलावृष्टि भी हुई। स्थानीय लोगों के अनुसार हवा की रफ्तार इतनी तेज थी कि ऐसा लग रहा था मानो सब कुछ अपने साथ उड़ा ले जाएगी। अचानक आए इस तूफान ने लोगों को दहशत में डाल दिया। बारिश और तूफान का सबसे ज्यादा असर बिजली व्यवस्था पर पड़ा। पूरे क्षेत्र में ब्लैक आउट की स्थिति बन गई और लंबे समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। ग्रामीणों और नगर वासियों का कहना है कि हर साल बारिश के दौरान यही स्थिति बनती है, लेकिन विभाग द्वारा अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है। बिजली बाधित होने से लोगों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ा। घरों में अंधेरा छा गया, वहीं पेयजल आपूर्ति भी प्रभावित हुई, क्योंकि मोटर पंप नहीं चल सके। खेतों में लगी मौसमी सब्जियों और अन्य फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। तेज हवाओं के कारण कई फसलें झुक गईं या टूट गईं, जबकि बारिश से खेतों में पानी भर गया। इससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। बारिश के बाद मौसम में अचानक ठंडक आ गई, जिससे लोगों को गर्मी से कुछ राहत जरूर मिली लेकिन इसके साथ ही सर्दी-खांसी जैसी मौसमी बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव), धारी देवी, चोपता
04 मई, 07 मई, 11 मई, 16 मई,
25 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411